No. of Printed Pages : 2

GN-102

100086

III Semester B.B.A./B.H.M. Examination, December - 2019

(CBCS) (Repeaters) (2016-17 and Onwards)

LANGUAGE HINDI - III

Natak, Sarkari Patra, Aur Sankshepan

Time : 3 Hours

Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **वाक्य** में लिखिए : **10x1=10**

(a) गौतम बुद्ध कहाँ धर्मोपदेश कर रहे थे ?

(b) नन्द किससे क्षमायाचना करने जाता है ?

(c) दर्पण किसके हाथ से गिरकर टूट जाता है ?

(d) कमलताल में क्या रहते थे ?

(e) मैत्रेय कौन है ?

(f) नन्द को किस कर्मचारी का ज्वर-प्रलाप सुनाई पड़ता है ?

(g) नन्द के द्वार पर भिक्षा माँगने के लिए कौन आते हैं ?

(h) गौतम बुद्ध के सौतेले भाई कौन थे ?

(i) देवी यशोधरा से मिलने के लिए कौन गया था ?

(j) 'लहरों के राजहंस' नाटक के रचनाकार कौन हैं ?

LIBRARY
Surana College
No. 16, South End Road,
BA' 'GALORE - 560 004

II. निम्नलिखित संवादों में से **किन्हीं दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2x6=12**

(a) कल प्रातः देवी यशोधरा भिक्षुणी के रूप में दीक्षा ग्रहण करेगी, और यहाँ रात-भर नृत्य होगा, अपानक चलेगा।

(b) इन लहरों पर से ______ लहरों पर से यह छाया हटा दो ______ मुझसे यह छाया नहीं ओढ़ी जाती।

(c) मैंने कहा था तुम्हारा विशेषक सूखने से पहले ही मैं लौट जाऊँगा, परन्तु नहीं आ सका।

(d) यह है मेरा घर, मेरी पत्नी का कक्ष। वह है मेरी पत्नी, सुन्दरी ______।

III. 'लहरों के राजहंस' नाटक के आधार पर नन्द का चरित्र-चित्रण कीजिए। **1x12=12**

अथवा

''सांसारिक सुख और आध्यात्मिक शांति के बीच का अंतर्द्वन्द्व है''।- 'लहरों के राजहंस' नाटक के आधार पर उक्त कथन का स्पष्टीकरण कीजिए।

IV. **किसी एक** पर टिप्पणी लिखिए : **1x6=6**

(a) मैत्रेय।

(b) भिक्षु आनंद।

P.T.O.

V. किन्हीं दो पत्रों को लिखिए : **2x10=20**

(a) उप सचिव, सूचना विभाग, भारत सरकार की ओर से सुश्मी मंजुला को उप अधीक्षक पद से पदोन्नत करते हुए अधीक्षक पद पर नियुक्ति की सूचना देते हुए कार्यालय आदेश पत्र लिखिए।

(b) उप सचिव गृहमंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सभी राज्य सरकारों के सचिव, गृह-विभाग को एक परिपत्र लिखिए, जिसमें आतंकवाद को रोकने के लिए ठोस उपाय करने की सूचना दी गई हो।

(c) राज्य में हिन्दी की प्रगति का विवरण देते हुए उप सचिव, शिक्षा विभाग बेंगलूरु कर्नाटक की ओर से सचिव शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को सामान्य सरकारी पत्र लिखिए।

VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए। **1x10=10**

बेरोजगारी की समस्या नई नहीं है। किन्तु हाल के वर्षों में कुछ सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों के कारण इसका स्तर एवं इसकी गम्भीरता बहुत बढ़ गई है, प्रथमतः हमारी अर्थव्यवस्था एक ओर बढ़ती हुई आबादी और दूसरी ओर हस्तचालित मशीनों से शक्ति चालित मशीनों में परिवर्तित होने के बढ़ते हुए प्रभाव के कारण अव्यवस्थित हो गई है। द्वितीयतः देश की मध्य वर्गीय अर्थव्यवस्था भूमि का सहारा खो देने तथा संयुक्त परिवार के टूटने के कारण अव्यवस्थित हो गई है। प्रायः प्रत्येक परिवार का एक घर था। और भूमि से कुछ न कुछ आय थी। संयुक्त परिवार की प्रथा के साथ यह बीमारी और बेकारी के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता था। हम सबका यह सामान्य अनुभव है कि आर्थिक परिस्थितियों के दबाव के कारण संयुक्त परिवार तेज़ी से टूट रहा है। और पारिवारिक भूमियाँ शीघ्रतापूर्वक गायब हो रही हैं। आर्थिक विधान ने उस क्रिया को अधिक तेज़ बना दिया है।

LIBRARY
Surana College
No. 16, South End Road
BA'GALORE - 560 004

-oOo-